Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 13-12-2006

Participants : Jha Shri Raghunath

an>

Title: Need to develop tourist centres of pilgrimage in Sitamarhi, Sheohar and East Champaran districts in Bihar.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया): महोदय, बिहार राज्य के सीतामढ़ी जिला मुख्यालय में मां सीता धरती से प्रकट हुई थी। यह एक ऐतिहासिक स्थान है जहां देश और विदेश से भी हजारों दर्शनार्थी विवाह पंचमी एवं रामनवमी के अवसर तथा साल भर आते रहते हैं।

शिवहर जिला के देकुली धाम में भगवान शंकर की मूर्ति है,जो महाभारत काल में स्थापित हुई थी। यहां पर हजारों लोग प्र ातिदिन देश के कोने कोने से पहुंचते हैं।

पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत केशरिया में सबसे ऊंचा बौद्ध स्तूप है। जहां बौद्ध धर्म मानने वाले लोग दुनिया भर से आते हैं।

यह सर्वविदित है कि श्री मोहनदास कर्मचंद गांधी, चम्पारण के किसानों पर हो रहे अत्याचार के निवारण हेतु आये थे और पश्चिमी चम्पारण जिला के भीतीहरवां में आश्रम बनाकर अपने धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरबा गांधी के साथ वोंं वहां रहकर इलाके में घूम घूम कर किसान, मजदूरों, छात्र नौजवानों को संगठित किया था और चम्पारण सत्याग्रह से देश की आजादी की शुरूआत हुई थी।

परन्तु अत्यंत दुख के साथ सूचित करना चाहता हूं कि आज तक उपरोक्त स्थानों को भारत के पर्यटक स्थल के रूप में स्थान नहीं दिया गया है।

अतः मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि सीतामढ़ी, देकुलीधाम, शिवहर, केशरिया का बौद्ध स्तूप एवं भीतीहरवां गांधी आश्रम को भारत के पर्यटक मानचित्र पर लाया जाये एवं उपरोक्त ऐतिहासिक स्थानों को सभी तरह से विकसित किया जाये।